**अल्पकालीन निविदा प्रपत्र**
**बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्**
**जिला :– पटना।**

जिला के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारम्भिक विद्यालयों के कक्षा I से VIII में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन/परीक्षा कराया जाना है। इस हेतु सभी प्रारंभिक विद्यालयों के वर्ग I से VIII के सभी छात्र–छात्राओं हेतु अलग–अलग सभी विषयों के लिए प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका के मुद्रण की आवश्यकता है।

निविदादाता के द्वारा प्रखण्ड मुख्यालय में आपूर्ति के लिए निविदा में दर अंकित किया जाएगा तथा चयनित निविदादाता को कार्यादेश में अंकित विवरण के अनुसार प्रखण्ड मुख्यालय अवस्थित कार्यालय अथवा स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।

अतएव, प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिकाओं के मुद्रण हेतु निबंधित, योग्य एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ मुद्रकों से विज्ञापन प्रकाशित होने के 08वें दिन तक की अवधि में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से निर्धारित प्रपत्र में सभी वांछित प्रमाण–पत्रों अथवा अभिलेखों के साथ निविदा (तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में) निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त सभी तकनीकी निविदा विज्ञापन प्रकाशन के 09वें दिन को अपराह्न 01:00 बजे एवं वित्तीय निविदा उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस को अपराह्न 01:00 बजे जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

**प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका की विशिष्टियाँ :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कागज का साइज | A/3 साइज 70 GSM का (297 mm X 420 mm) क्रिम ओभ कागज, जिसपर पेपर मिल का वाटर मार्क हो, पर एक रंग में दोनो तरफ मुद्रण (जिसे एक बार मोड़ने पर A4 साईज (210 mm X 297 mm)का कुल दो पन्ने (चार पृष्ठ) का मुद्रित प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका स्वतः तैयार हो जायेगा) |
| 2. | संख्या | लगभग 651519 छात्र-छात्राओं के लिए |
| 3. | पृष्ठों की संख्या | 04 पेज दोनो तरफ ब्लैक एण्ड व्हाइट मुद्रण |
| 4. | पैकेटिंग | प्रखण्डवार, वर्गवार एवं विषयवार हिन्दी माध्यम एवं उर्दू माध्यम (जहाँ लागू हो) के 500–500 प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका का अलग अलग बंडल बनाया जाएगा तथा बंडल के उपर प्रखण्ड, वर्ग का नाम, विषय एवं माध्यम का नाम एवं वार्षिक परीक्षा/मूल्यांकन 2024 बोल्ड अक्षरों में मुद्रित रहेगा। बंडल इस तरह तैयार किया जाएगा कि बंडल के अंदर का प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका ढुलाई के क्रम में नष्ट न हो। |

## निविदादाता के लिए शर्त्त एवं उपबंध :–

1. निविदादाता का मुद्रण एवं बाईडिंग से संबंधित वेब ऑफसेट मशीन एवं अन्य मशीनें, प्री–प्रेस सिस्टम, पेपर कटिंग मशीन के साथ अन्य सभी आवश्यक मशीन, प्री–प्रेस सिस्टम एवं बाईडिंग सिस्टम से सुसज्जित इकाई बिहार में कार्यरत होना चाहिए।
2. निविदादाता को प्रश्न पत्र–सह–उत्तरपुस्तिका का मुद्रण एवं बाईडिंग से संबंधित कार्य का कम से कम पिछले तीन वर्षो का कार्य अनुभव से संबंधित साक्ष्य संलग्न करना होगा।
3. निविदादाता का प्रेस बिहार राज्य के GST/वणिज्य कर विभाग से मुद्रण के रूप में निबंधित होना चाहिए।
4. निविदादाता को पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए।
5. निविदादाता का प्रेस से संबंधित कागजात (Press Declaration) संलग्न करना होगा जो निविदादाता के नाम पर होना चाहिए।
6. निविदादाता का प्रेस कारखाना निबंधन एवं ISO 9001:2015 में निबंधन का प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए।
7. निविदादाता का पिछले तीन वर्षो यथा – 2020–21, 2021–22, 2022–23 का औसत वार्षिक टर्नओवर कम से कम रूपये एक करोड़ प्रति वर्ष होना चाहिए।
8. निविदा के साथ रू.1,50,000/– (एक लाख पचास हजार रूपये मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट अग्रधन के रूप में देना होगा। ड्राफ्ट BEP,GOB Sports & Boundary wall Patna के नाम से होना चाहिए, जो पटना में भुगतेय हो।
9. निविदादाता का प्रेस किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी या गैर सरकारी संस्थान के द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया हो एवं किसी भी केस–मुकदमा में लिप्त/लंबित न हो।
10. निविदा द्विलिफाफा प्रणाली के अंतर्गत तकनीकी एवं वित्तीय निविदा के रूप में अलग–अलग लिफाफे में उसके उपर तकनीकी/वित्तीय अंकित कर देना होगा।
11. निविदा के प्रकाशन की तारीख से पहले जारी ईएसआई और ईपीएफ पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए।
12. प्रेस के नाम से विद्युत आपूर्ति तीन फेज का कनेक्शन होना चाहिए इसके साक्ष्य में तीन माह का विद्युत आपूर्ति का विपत्र के भुगतान का साक्ष्य संलग्न करें।

## तकनीकी निविदा

निविदादाता के द्वारा एक तकनीकी निविदा निर्धारित प्रपत्र Technical Bid में आवश्यक सूचनाओं के साथ निम्नांकित कागजात संलग्न करके निर्धारित तिथि तक समर्पित करना आवश्यक होगा :–

(क) पिछले तीन वित्तीय वर्षो यथा- 2020–21, 2021–22, 2022–23 का ऑडिट रिपोर्ट की प्रति।

(ख) पिछले तीन वर्षो यथा - 2020–21, 2021–22, 2022–23 का अंकेक्षित वैलेंस सीट, जिसमें वार्षिक टर्न ओवर कम से कम एक करोड़ रूपये परिलक्षित हो, की प्रति।

(ग) पिछले तीन वित्तीय वर्षो यथा- 2020–21, 2021–22, 2022–23 का आयकर रिटर्न की प्रति।

(घ) राज्य के GST / वाणिज्य कर विभाग से मुद्रक के रूप में निबंधित होने का प्रमाण–पत्र। पैन / टैन / GST संबंधित प्रमाण–पत्र। वर्ष 2022–23 के अंतिम तिमाही (जनवरी से मार्च) का GSTR-3B प्रमाण पत्र की प्रति।

(ड़) निविदादाता का प्रेस, कारखाना निबंधन एवं ISO 9001:2015 में निबंधन का प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए।

(च) निविदादाता का प्रेस से संबंधित कागजात (Press Declaration) संलग्न करना होगा, जो निविदादाता के नाम पर होना चाहिए।

(छ) निविदादाता को पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए।

(ज) निविदादाता का बिहार में इकाई कार्यरत होने (Total Staff Strength सहित) का प्रमाण पत्र।

(झ) अग्रधन के रूप में रू.1,50,000/– (एक लाख पचास हजार रुपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट।

(ञ) निविदादाता का प्रेस किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी या गैर सरकारी संस्थान के द्वारा काली सूची में न डाला गया हो एवं किसी भी तरह का केस–मुकदमा में लिप्त/लंबित न होने संबंधित नोटराईज्ड एफिडेविट शपथ पत्र।

(ट) प्रश्न पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका के निर्माण एवं पैकेजिंग/बंडलिंग में प्रयुक्त कागज/सामग्री का नमूना, साईज, GSM एवं पेपर मिल का नाम आदि स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए संलग्न होना चाहिए।

(ठ) पिछले तीन वित्तीय वर्षो में समरुप कार्य से संबंधित एकल क्रय आदेश की प्रति जो कम से कम रु. 25 लाख का हो।

(ड) निविदादाताओं के द्वारा सभी कागजात स्वअभिप्रमाणित करके जमा किये जाएगें तथा संलग्न कागजातों में क्रमांक अंकित होना चाहिए। उक्त सभी कागजातों में किसी भी कागज का प्रमाण संलग्न नहीं रहने पर तकनीकी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(ढ) निविदा के प्रकाशन की तारीख से पहले जारी ईएसआई और ईपीएफ पंजीकरण प्रमाण पत्र का साक्ष्य संलग्न होना चाहिए।

(ण) निविदादाता का मुद्रण एवं बाईडिंग से सबंधित वेब ऑफसेट मशीन एवं अन्य मशीनें, प्री–प्रेस सिस्टम, कम्प्यूटर टू पेलेट (CTP) ऑटोमेटिक फोल्डिंग मशीन, ऑटोमेटिक प्रोग्रामिंग पेपर कटिंग मशीन के साथ अन्य सभी आवश्यक मशीन, प्री–प्रेस सिस्टम से सुसज्जित से संबधित प्रमाण पत्र होना चाहिए।

(त) प्रेस/प्रोपराईटर के नाम से विद्युत आपूर्ति का कनेक्शन होना चाहिए, इसके साक्ष्य में तीन माह का विद्युत आपूर्ति का विपत्र के भुगतान का साक्ष्य संलग्न करें।

(थ) मुद्रण में प्रयुक्त किए जाने वाले कागज का नमूना का किसी राष्ट्रीयकृत टेस्ट प्रयोगशाला से जारी किया गया जाँच रिर्पोट की मूल प्रति जो कार्यालय बिहार शिक्षा परियोजना, पटना के नाम हो, संलग्न होना चाहिए।

(द) कार्य अनुभव का प्रमाण पत्र का साक्ष्य संलग्न करें।

## वित्तीय निविदा

(क) निविदादाता के द्वारा वित्तीय निविदा निर्धारित प्रपत्र Financial Bid में निर्धारित तिथि तक समर्पित करना आवश्यक होगा।

(ख) वित्तीय निविदा में सामग्री का विवरण एवं दर स्पष्ट अंकित होना चाहिए।

(ग) वित्तीय निविदा में सभी कर एवं प्रेस से प्रखण्ड कार्यालय तक परिवहन खर्च सहित प्रति इकाई का दर अंकित होना चाहिए, जिसमें मूल दर एवं जी0एस0टी0 का अलग–अलग उल्लेख हो।

(घ) तकनीकी रूप से सफल निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोला जाएगा।

(ड़) वित्तीय निविदा के मूल्यांकन के आधार पर न्यूनतम दर वाले निविदादाता को कार्य आवंटित किया जाएगा।

## अन्य शर्त्त /उपबंध

1. तकनीकी निविदा के साथ जमा किए गए कागजातों/प्रमाणों की भौतिक/स्थल सत्यापन करने के लिए बिहार शिक्षा परियोजना, पटना स्वतंत्र होगा।
2. अंतिम रूप से चयनित फर्म/एजेन्सी को क्रय आदेश की प्रति बिहार शिक्षा परियोजना, पटना के कार्यालय से प्राप्त कर निदेशानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करना होगा।
3. मुद्रण/निर्माण से संबंधित सभी सामग्री एवं कार्य की व्यवस्था निविदादाता को अपने स्तर से करना होगा, जिसके लिए अलग से कोई अतिरिक्त राशि अथवा अग्रिम राशि देय नहीं होगा।
4. उपर्युक्त सभी शर्त्तो एवं उपबन्धों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। किसी एक भी शर्त्त /उपबंध को किसी समय पूरा नहीं करने की स्थिति में दिए गए कार्यादेश/निविदा को रद्द करते हुए निविदादाता के अग्रद्यन की राशि एवं बैंक गारंटी को जब्त करते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई के लिए बिहार शिक्षा परियोजना, जिला कार्यालय, पटना स्वतंत्र होगा।
5. निविदादाताओं को कार्य आवंटन के दो दिनों के अंदर कार्यादेश की कुल राशि के 10 प्रतिशत राशि का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा बिहार शिक्षा परियोजना, पटना के नाम से निर्गत एवं 11 माह के लिए वैध बैंक गारंटी को परफोरमेंश सिक्यूरिटी के रूप में जमा करके बिहार शिक्षा परियोजना, पटना के साथ अनुबंध करना आवश्यक होगा। विलम्ब की स्थिति में कार्यादेश स्वतः रद्द माना जाएगा एवं एल02 को कार्यादेश निर्गत करने के लिए बिहार शिक्षा परियोजना, जिला कार्यालय पटना स्वतंत्र होगा।
6. निविदादाता के द्वारा क्रय आदेश के आलोक में सभी प्रखण्ड मुख्यालय अवस्थित कार्यालय को निर्धारित तिथि तक सामग्री उपलब्ध कराया जाएगा। निविदादाता के द्वारा रनिंग विपत्र एवं प्रखंड मुख्यालय अवस्थित कार्यालय को सामग्री प्राप्ति कराने संबंधी प्रमाण उपलब्ध कराने पर विपत्र का 75 प्रतिशत राशि का भुगतान देय होगा एवं पूर्ण रूप से आपूर्ति के पश्चात् जिला/प्रखंडों से सामग्री प्राप्ति एवं गुणवत्ता के सत्यापन के पश्चात् शेष 25 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा।

7. मुद्रित प्रतियाँ/सामग्री निर्धारित गुणवत्ता का नहीं पाये जाने/मुद्रण में त्रुटि/अस्पष्टता रहने, मजबुत बाईडिंग नहीं रहने, मुद्रित सामग्री ससमय आपूर्ति नहीं करने/निविदा शर्तो से विचलन आदि की स्थिति में भुगतेय राशि से यथोचित राशि अथवा 10 प्रतिशत तक की राशि की कटौती एवं निविदादाता के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई के लिए बिहार शिक्षा परियोजना, जिला कार्यालय, पटना स्वतंत्र होगा।

8. प्रश्न–पत्र–सह–उत्तर पुस्तिका का निर्धारित दर अधिकतम एक वर्ष की अवधि तक के लिए मान्य होगा। तदनुसार आपूर्तिकर्ता के साथ एकरारनामा किया जायेगा।

9. निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत/रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

10. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी अथवा पृच्छा के लिए विज्ञापन प्रकाशित होने के 08वें दिन तक की अवधि में किसी भी कार्य दिवस को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे के बीच बिहार शिक्षा परियोजना, जिला स्तरीय कार्यालय, हिन्दी ग्रंथ अकादमी परिषद्, प्रेमचन्द्र पथ, राजेन्द्र नगर, पटना--800016 में इच्छुक एवं योग्य निविदादाता संपर्क कर सकते है।

11. भविष्य में चयनित निविदादाता बिहार शिक्षा परियोजना, कार्यालय के बीच भुगतान/अन्य मामलों से संबंधित विवाद होने की स्थिति में विवादों के निपटारा हेतु न्यायिक क्षेत्र पटना व्यवहार न्यायालय होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
पटना।

# Bihar Education Project, Patna

## Format for Technical Bid

| SL.NO. | PARTICULARS | RESPONSE OF BIDDER | REFER PAGE NO:----- TO:------------ |
|---|---|---|---|
| 1 | Name of the Firm & Owner (With Tel./Mob. No.- | | |
| 2 | Office Address with Tel./Fax/Mob.Nos | | |
| 3 | Press Address with Tel./Fax/Mob.Nos | | |
| 4 | Contact Person(s) Name, Address with Tel./Fax/Mob.Nos | | |
| 5 | Annual Turnover (Please attracted Proof) | 2020-21 | |
| | | 2021-22 | |
| | | 2022-23 | |
| 6 | Annual Audit Report (Please attached Proof) | 2020-21 | |
| | | 2021-22 | |
| | | 2022-23 | |
| 7 | Annual ITR Report (Please attached Proof) | 2020-21 | |
| | | 2021-22 | |
| | | 2022-23 | |
| 8 | FY 2022-23 GSTR-3B ($4^{th}$ Quarter) (Please attached Proof) | | |
| 9 | Work Experience (in years) (Please attached Proof) | | |
| 10 | Make/Model of Printing and other machines available | | |
| 11 | Total Staff strength of Bidder | | |
| 12 | Details of Earnest Money Deposit | DD No.<br>Date | |
| 13 | Affidavit regarding not involved in any case or blacklisted | | |
| 14 | Paper Sample with Test report | | |
| 15 | Copy of single order of Rs 25 Lac or above for similar work | | |
| 16 | Press Declaration Certificate | | |
| 17 | Character Certificate | | |
| 18 | Factory License & ISO Certificate | | |
| 19 | Self attested copy of last 3 months Electricity bills and payment receipts of the firm. | | |
| 20 | ESI & EPF registration certificate issued before the date of publication of the tender. | | |

**Date:**

**Signature of Bidder**

# Bihar Education Project, Patna

## Format for Financial Bid

### Printing and Supply of Question Paper - cum - Answer Sheet.

| Package No. | Particulars | Rate Per Pc including Transportation & All Taxes (Rs.) | REMARKS |
|---|---|---|---|
| 1 | Question Paper - cum - Answer Sheet | | |

1. We agree to supply the above mentioned items for package 1 @ Rs. ------------------ (in words Rs.------------------------------------------------------------------------------------------------------------------- -------- ); including all Taxes, Transportation etc. in accordance with the technical specification within .............days of the issue of work order.
2. We also confirm that the normal commercial warrantee/guarantee of 3 days shall apply to the offered goods and services.
3. We also agree and abide with the terms and conditions stipulated in the bid document.

**Signature & Seal of Bidder**